LOYOLA COLLEGE (AUTONOMOUS), CHENNAI – 600 034

U.G. DEGREE EXAMINATION – LANGUAGES

SECOND SEMESTER – APRIL 2022

UOL 2102 – GENERAL HINDI - II

(2019,2020 BATCH ONLY)

Date: 21-06-2022 Dept. No. [ ] Max. : 100 Marks

Time: 01:00 PM - 04:00 PM

खण्ड 'क' (20 अंक)

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। **10 x 2 = 20**

1. कवि हमें किस तरह से जीने का संदेश देते हैं?
2. संगति के बारे में रहीम जी की क्या राय है?
3. भगवान कृष्ण माँ से क्या शिकायत करते हैं?
4. कबीर की वाणी का संग्रह किस नाम से प्रसिद्ध है?
5. रहीम जी प्रेम के बंधन के बारे में क्या समझा रहे हैं?
6. यशोदा क्यों मुस्कुराती है?
7. मुरझाया फूल किसका प्रतीक है?
8. 'मुझे पुकार लो' कविता में कवि निराश क्यों है?
9. 'कलम और तलवार' के जरिए कवि क्या बताना चाहते हैं?
10. 'भारत की आरती' किस तरह की कविता है?

खण्ड 'ख' (40 अंक)

II. किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या 150 शब्दों में कीजिए। **3 x 10 = 30**

11. बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर ।
पंछी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर ।।

12. रहिमन जगत बड़ाई की, कूकुर की पहिचानी।
प्रीति करै मुख चटाई, बैर करे तन हानि ।।

13. मैया! मैं नहिं माखन खायो।
ख्याल परै ये सखा सबै मिलि मेरैं मुख लपटायो।।

14. था कली के रूप शैशव में, अहो सूखे सुमन
हास्य करता था, खिलाती अंक में तुझको पवन
खिल गया जब पूर्ण तू मंजुल, सुकोमल पुष्पवर
लुब्ध मधु के हेतु मंडराते लगे आने भ्रमर।

15. कलम देश की बड़ी शक्ति है भाव जगाने वाली,
दिल की नहीं दिमागों में भी आग लगाने वाली
पैदा करती कलम विचारों के जलते अंगारे,
और प्रज्वलित प्राण देश क्या कभी मरेगा मारे।

P.T.O.

16. साम्राज्य पूंजी का क्षत होवे
ऊंच-नीच का विधान नत होवे
साधिकार जनता उन्नत होवे
जो समाजवाद जय पुकारती।।

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। **1 x 10 = 10**

17. महादेवी वर्मा का परिचय दीजिए ।
18. हरिवंशराय बच्चन जी का परिचय लिखिए।

खण्ड 'ग' (40 अंक)

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों में दीजिए। **1 x 20 = 20**

19. रहीम अपने दोहों के द्वारा क्या संदेश देना चाहते हैं?
20. सूरदास के पदों का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों में दीजिए। **1 x 20 = 20**

21. 'मुरझाया फूल' कविता का सारांश लिखकर उसके संदेशों पर प्रकाश डालिए।
22. 'भारत की आरती' कविता में कवि हमारी मातृभूमि के बारे में क्या कहना चाहते हैं?

****